दिनांक 10.03.2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सड़क किनारे अवैध कब्जों पर की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई

भिलाईनगर/ निगम क्षेत्र में बेतरतीब अवैध रूप से ठेला तथा बॉस बल्ली लगा कर किये गये कब्जो को बेदखल करने आयुक्त के निर्देश के बाद जी.ई.रोड में चला बुलडोजर और हटाए अवैध कब्जे। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने गत दिवस समीक्षा बैठक में राजस्व अमले को निर्देश दिये थे , शहर के व्यस्त मार्ग जी.ई.रोड सहित सघन बाजार क्षेत्र में ठेले , गुमटी तथा बॉस बल्ली घेर कर किये गये कब्जों के कारण यातायात बाधित होते है। जिस पर सभी जोन संयुक्त रूप से कार्यवाही कर मार्ग को सुगम बनाए। जोन-1 के राजस्व टीम ने नेहरू नगर गुरूद्वारा चौक से जी.ई.रोड के दोनो तरफ सर्विस रोड के किनारे अवैध रूप से ठेले , खोमचों, गन्ना रस दुकान , कबाड़ वाहन को बेदखली की कार्रवाई करते हुए 28 अवैध दुकान को बेदखल कर 3 वाहन जप्त किए गए तथा 6500 रू अर्थदण्ड वसूल कर सड़क किनारे अवैध कब्जे की नियत से बॉस बल्ली से किये गये घेरे को हटाकर सामग्री को जप्त किया गया।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांर्तगत मोटर मैकेनिक का कार्य करने वालों के द्वारा कई स्थान पर सड़क किनारे पुराने कंडम तथा मरम्मत कार्य के लिए वाहनों को रखकर कब्जा किया गया है जिसे हटाने के लिए निगम के राजस्व विभाग की टीम ने कार्यवाही की। बता दे कि जीई रोड किनारे सर्विस रोड पर दुकानदारों द्वारा पुरानी , खराब एव लंबे समय से पड़े वाहनों तथा आवागमन को बाधित करने वाले सड़क किनारे बांस बल्ली से ठेले खोमचे लगाकर दोना पत्तल व डिस्पोजल की गंदगी फैलाते है उनको बार-बार समझाइस के बाद भी ठेले वाले नियमो का पालन नहीं कर रहे थे। जी.ई.रोड में फ्लाई ओवर का निर्माण होने के कारण सभी छोटे बड़े वाहन वर्तमान में सर्विस रोड का प्रयोग कर रहे और सर्विस रोड के किनारे अवैध कब्जा होने से जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है इसलिए निगम आयुक्त महोदय ने हटाने के लिए निर्देश दिए है , ताकि सर्विस रोड में वाहनों के आवागमन में परेशानी न हो। आदेश के परिपालन में राजस्व विभाग का अमला सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से रखे हुए वाहनों को हटाने , बेतरतीब तरीके से मैकेनिक दुकान मरम्मत के लिए वाहनों को रखकर सड़क बाधा करने वालों को भी शीघ्र हटाने की समझाईश दी गई है , ताकि सड़क पर आवागमन में वाहन चालकों को परेशानी न हो व स्थल स्वच्छ दिखे। खराब वाहन पड़ी होने के कारण हादसों का अंदेशा सदैव बना रहता है , इस प्रकार के वाहनों का डंप रहने से सफाई कार्य में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस कारण वाहनों को हटाया जाना जरूरी है। आज निगम की नेहरू नगर गुरूद्वारा चौक से चंद्रा मौर्या टॉकीज चौक तक जीई रोड के दोनो किनारे घूम घूम कर पुराने तथा मरम्मत के लिए लंबे समय से रखे वाहनों को हटवाया गया तथा कई स्थानों पर अर्थदंड वसूलने की भी कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान जोन 01 आयुक्त मनीष गायकवाड़ , एआरओ

परमेश्वर चंद्राकर, अनिल मेश्राम, मलखान सिंह सोरी, राजेश गुप्ता सहित तोड़फोड़ दस्ता सहित सुपेला थाना के पुलिस बल एवं ट्रैफिक पुलिस के जवान उपस्थित थे।